अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 4 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण द्वितीया
विक्रम संवत-2083

PAGE NO, 08, BOTTOM

शुभारंभ

टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, पहले मैच में बजाज टेक्सटाइल अमरोहा को मिली मात

एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने 10 रनों से जीता मुकाबला

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच में विश्वेंद्र चौधरी की अर्धशतकीय पारी से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने बजाज टेक्सटाइल अमरोहा को दस रन से हराया।

पहला मैच ग्रुप-बी की एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के बीच हुआ। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान आदर्श शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 162 रन बनाए, जिसमें विश्वेंद्र चौधरी ने आक्रामक खेलते हुए 26 गेंदों पर सात चौके और दो छक्के लगाकर सर्वाधिक 50 रन बनाए।

162 रन के जवाब में बजाज टेक्सटाइल की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 18 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 18.4 ओवर में 152 रन बना सकी। एसआरएमएस की ओर से अनुज शर्मा ने 3.4 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। विश्वेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान

ट्रॉफी का किया गया अनावरण

मुख्य अतिथि महापौर उमेश गौतम ने ट्रॉफी का अनावरण किया और एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति की गेंद पर शॉट खेल कर विधिवत रूप से मैच के आरंभ होने की घोषणा की। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने 20-20 ओवर के स्थान पर प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का अगला सीजन टी-25 फार्मेट में होने की घोषणा की। बताया कि आयोजन समिति ने बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट की इनामी राशि भी इस बार बढ़ाई है। समारोह में विशिष्ट अतिथि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना और वरिष्ठ संयुक्त सचिव ओपी कोहली, पीएनबी एसआरएमएस के ब्रांच मैनेजर अंकित भारद्वाज, बैंक ऑफ बड़ौदा के डिप्टी रीजनल मैनेजर संतोष कुमार गुप्ता, राजीव कुमार श्रीवास्तव, निखिल अग्रवाल, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला आदि टूर्नामेंट आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।